वारदात | चौकी सांवरी क्षेत्र का मामला, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

## चोरी करने गए युवक ने वृद्ध की कुल्हाड़ी मारकर कर दी हत्या

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 जून, चौकी सांवरी क्षेत्र के बेलखेड़ा गांव में बीती रात चोरी करने गए युवक ने एक वृद्ध पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत को घाट उतार दिया । उक्त बात की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने आरोपी ने जुर्म करना कबूल कर लिया है। पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।**



जानकारी अनुसार आरोपी सनकलाल युवनाती पिता सुन्नु 35 साल निवासी जायदेही थाना उमरेठ का रहने वाला है। वह बेलखेड़ा गांव में एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने गया था। जैसे ही वह एक मकान में चोरी करने अंदर गया, मकान मालिक की नींद खुल गई। मकान मालिक ने शोरगुल मचाया। पड़ौस में रह रहे पूनाराम पिता धूड़न इवनाती उम्र 55 साल नींद से उठकर सीधे चोर को पकड़ने घर में धुस गए। चोर ने बचने ने बचने के लिए वृद्ध के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमला इतना भयानक था कि वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद वह उठा ही नहीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने को जब्त कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। शव का पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी सनकलाल युवनाती के खिलाफ आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 123/26 धारा 103(1) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

### घर से भाग नहीं पाया आरोपी

इधर शोरगुल के बाद एक एक कर सभी पड़ोसी उठ गए। ग्रामीणों ने घर को चोरों ओर से घेर लिया। जिसके बाद आरोपी युवक घर से निकलकर भाग नहीं पाया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को आसानी से पकड़ लिया। हालांकि तब तक पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी।

### कुल्हाड़ी से पुलिस को डराया

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने घर में अपने आप को बंद कर लिया था पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी ने घर का दरवाजा नही खोला जिसके बाद पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ दिया और घर में घुस गई इस दौरान आरोपी ने कुल्हाड़ी से पुलिस को ही डराने का प्रयास किया लेकिन किसी तरह पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### टीम की सराहनीय रही भूमिका


उक्त कार्रवाई में लावाघोघरी थाना प्रभारी निरी. आफ़ताब खान, सांवरी चौकी प्रभारी उनि मुकेश द्विवेदी, सउनि कमलेश सत्यार्थी, आर. विजय सनोडिया, आर. नवीन बोपचे, आर. प्रकाश दहीकर, डायल-112 चालक जितेन्द्र पवार, बटी पवार, अनिल उईके, डायल-112 उमरेठ चालक अभिमन्यु पवार, थाना उमरेठ से उनि अनिल उईके, प्रआर. नारायण उईके, प्रआर. शिवनाथ कालभोर की सराहनीय भूमिका रही।

## देश के लिए मिसाल बने देवगढ़ के होम स्टे

### महाराष्ट्र के पांच जिलों से आई टीम ने सीखा अतिथि सत्कार, होम स्टे संचालन के गुर

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 जून, पर्यटन ग्राम देवगढ़ में संचालित होम स्टे अब देश-विदेश में ख्याति प्राप्त कर रहें हैं। देवगढ़ में संचालित होम स्टे व पर्यटन गतिविधियों पर अध्ययन करने के लिए महाराष्ट्र के नासिक, ठाणे, गोंदिया, गड़चिरोली व अहिल्या नगर जिले से होम संचालकों की टीम दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं और होम स्टे संचालन और अतिथि सत्कार के गुर सीखें।**

टीम के 33 सदस्यों ने दो दिनों तक देवगढ़ में रहकर ऐतिहासिक किला, बावड़ियों व होम स्टे देखें। ग्रामीण व आदिवासी परिवार पर्यटन गतिविधियों के संचालन में परिवार सहित सहभागिता करते हैं, इससे टीम के सदस्य रूबरू हुए। डीएटीसीसी के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत व पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी ने अध्ययन दल को ग्रामीण पर्यटन की अवधारणा व संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अध्ययन दल ने अलग-अलग होम में रहकर होम स्टे संचालकों से बातचीत में उनके अनुभव जाने। जय भवानी ग्राम विकास समिति ने भ्रमण दल की पूरी व्यवस्थाएं संभालीं। भ्रमण के अंतिम दिन शुक्रवार को कार्यशाला में सभी ने अपने अनुभव साझा किए।




### खान-पान, अतिथि सत्कार से हुए प्रभावित

नासिक, ठाणे, गोंदिया, गड़चिरोली व अहिल्या नगर से आए होम स्टे हितग्राहियों ने माना कि पर्यटन ग्राम देवगढ़ भ्रमण के अनेक फायदे होंगे। यहां अतिथियों के सत्कार से लेकर व्यवहार, खान-पान के बारे में बारिकियों से जानने को मिला। दल में शामिल महिलाओं ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से हुआ यह अध्यन भ्रमण हमारे लिए लाभदायक है, हमारे यहां पर होम स्टे बनना है, यहां से सीख लेकर हम अपने होम स्टे को और सुविधाजनक, पर्यटकों के अनुकूल बनाएंगे। साथ ही पर्यटन समिति के कामकाज को अधिक सरल बनाने, पर्यटकों को होम स्टे से जोड़ने के लिए हमें कई जरूरी टिप्स यहां मिले हैं।

## अनुपस्थित इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी




### समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के लिए बनेगा कंट्रोल रूम

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 जून, आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए नगर पालिक निगम सभाकक्ष में आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर में होने वाली संभावित समस्याओं एवं उनके त्वरित समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।**

बैठक में महापौर विक्रम अहके, निगमायुक्त सीपी राय, कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में आयुक्त सीपी राय ने बारिश के दौरान सड़कों पर बनने वाले गड्ढों को तत्काल भरने, जलभराव वाले क्षेत्रों की व्यवस्था सुधारने तथा सीवरेज संबंधी शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। वहीं बैठक में उपस्थित नही होने वाले इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। महापौर विक्रम अहके ने कहा कि बारिश के मौसम में नगर निगम का पूरा अमला मुस्तैद रहेगा। नाला गैंग को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा तथा जलभराव वाले क्षेत्रों पर अधिकारियों की विशेष निगरानी रहेगी। उन्होंने कहा कि तेज आंधी-तूफान के दौरान पेड़ गिरने जैसी घटनाओं की स्थिति में निगम की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का त्वरित निराकरण करेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नगर पालिक निगम द्वारा 24 घंटे संचालित होने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

## कमरे में पड़ा मिला युवती का शव

### किराए के कमरे में रहकर कर रही थी पढ़ाई

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 जून, किराए के कमरे में रह कर पढ़ाई कर रही एक युवती का शव उसके कमरे में पड़ा हुआ पाया गया. उक्त बात की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई. युवती की मौत संदिग्ध बताई जा रही है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना चांद के अंतर्गत आने वाले ग्राम खुटियां निवासी निशा उईके 21 वर्ष लालबाग में किराए के मकान में अपनी सहेली के साथ रह रही थी. आज दोपहर के समय निशा उईके अपने कमरे में थी और उसकी सहेली कही गई हुई थी. देर शाम जब निशा उईके की सहेली वापस अपने कमरे में लौटी तो निशा उईके का शव कमरे में पड़ा हुआ था इस पर उसने इस बात की सूचना आस पड़ोस वालों को दी. वहीं उक्त बात की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई. बताया जा रहा है कि युवती के नाक और मुह से खून निकल रहा था. मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने मामले को जांच में ले लिया है उक्त मामले की जांच के बाद ही युवती की मौत का कारण ज्ञात हो पाएगा.

## कार की टक्कर से दो युवक घायल

### एक को किया नागपुर रेफर, दूसरे का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 19 जून, रावनवाड़ा थाना क्षेत्र के पातरकुंज में सड़क हादसे में बाइक चालक सहित उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद एक गंभीर घायल को नागपुर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।**

जानकारी अनुसार अंकुष उइके सिवनी का रहने वाला है। वह अपने साथी दिनेष मर्सकोले के साथ उमरेठ से पातरकुंज जा रहे थे। इस दौरान गांव से ठीक एक किमी पहले एक कार ने इनकी बाइक को कट मार दिया। इस हादसे में बाइक चालक अंकुश उइके सिवनी उमरेठ से पातरकुंज जा रहे थे। एक्सीडेंट पातरकुंड से 1 किमी पहले हुए हुआ है। चौपहिया वाले ने कट मार दिया। इस हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों को जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची 108 से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्रामिक इलाज के बाद दिनेष को नागपुर रेफर कर दिया है। वही अंकुश का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589